मुझे हर तरह से अर्जुन का परफॉर्मेंस बेहतरीन लगता है: मलाइका अरोड़ा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आप लाख छुपाएं प्यार मगर दुनिया को पता चल जाएगा। कुछ ऐसे ही... मोहब्बत की लुका-छुपी का खेल इन दिनों अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा खेल रहे हैं। अर्जुन और मलाइका अपनी नजदीकियों के चलते लंबे वक्त से सुर्खियों में हैं। उन्हें अक्सर आउटिंग पर साथ देखा जा सकता है। हालांकि दोनों ने अब इस बारे में ऑफिशली कुछ भी नहीं कहा है। अब तो दोनों की शादी की भी खूब चर्चा है।

हाल ही में करण जौहर के चैट शो पर प्रियंका चोपड़ा ने इस पर खुलासा किया। दरअसल करण जौहर ने प्रियंका से पूछा कि क्या उन्हें पता है कि वरुण धवन किसे डेट कर रहे हैं? इस पर प्रियंका ने जवाब दिया कि उन्हें बस इतना पता है कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर डेट कर रही हैं। अब मोहब्बत की इस खबर पर मलाइका ने खुद ही मुहर लगा दी है। कॉफी विद करण के ताजा प्रोमो में, जो फिनाले एपिसोड है। करण जौहर ने इस फिनाले एपिसोड में किरण खेर, मल्लिका दुआ, मलाइका अरोड़ा और वीर दास को बुलाया था, जिसमें करण ने चारों से पूछा कि इस बार सीजन पर किसकी परफॉर्मेंस सबसे बेहतरीन रही है? मलाइका ने बिना किसी झिझक के तपाक से कहा, मुझे हर तरह से अर्जुन कपूर का परफॉर्मेंस सबसे बेहतरीन लगता है। जवाब सुनकर शो पर बैठे सभी सितारों का मुंह खुला का खुला रह गया। कुछ देर के लिए सब खामोश हो गए। करण जौहर से लेकर मल्लिका दुआ तक सभी मलाइका का चेहरा देखते रह गए। मलाइका अरोड़ा के इस जवाब यह तो बिल्कुल साफ हो गया है कि अर्जुन-मलाइका की मोहब्बत अब एक अलग लेवल पर है। दोनों को किसी का डर नहीं है। दोनों ने सरे आम हाथों में हाथ डालकर यह जाहिर कर दिया है कि प्यार किया तो डरना क्या। कुछ समय पहले मीडिया में खबरें थीं कि दोनों जल्द ही शादी करने की प्लानिंग में हैं। मलाइका के इस खुल्लम-खुल्ला इजहार के बाद यह साफ हो गया है कि दोनों जल्द ही शादी कर एक-दूसरे के होने जा रहे हैं।

...तो स्क्वॉड में स्नाइपर के रोल में दिखेंगी मालविका राज?

पिछले काफी समय से बॉलिवुड ऐक्टर डैनी डेंजोंगपा के बेटे रिनजिंग डेंजोंगपा की डेब्यू फिल्म स्क्वॉड काफी चर्चा में है। इस फिल्म एक ऐक्शन थ्रिलर होगी जिसमें रिनजिंग एक फाइटर के रोल में दिखाई देंगे। रिनजिंग ने अपने इस रोल के लिए काफी ट्रेनिंग भी ली है। अब धीरे-धीरे फिल्म में काम करने वाले अन्य ऐक्टर्स के नाम सामने आने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म में ऐक्ट्रेस मालविका राज रिनजिंग की इस फिल्म में एक स्नाइपर के रोल में दिखाई देंगी। अगर आपको याद हो तो मालविका ने फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर के बचपन वाला पूजा का किरदार निभाया था।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए मालविका ने कहा, मुझे हथियारों के बारे में काफी जानकारी है जो इस कहानी में काफी मददगार रहा। इस किरदार में बहुत सारा ऐक्शन है और थोड़ा सा रिनजिंग के साथ रोमांस। मालविका ने बताया कि उन्हें रिनजिंग के साथ काम करने में कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि वे दोनों बचपन में एक ही स्कूल में पढ़ते थे और एक-दूसरे की बर्थडे पार्टी में भी जाते रहते थे।

माना जा रहा है कि जल्द ही किरदार के लिए मालविका की फिजिकल और हथियारों की ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। स्क्वॉड का डायरेक्शन ज्योति कपूर दास करेंगे और इसकी शूटिंग अप्रैल से मुंबई में शुरू होगी। इसके बाद फिल्म के एक बड़े भाग की शूटिंग बुडापेस्ट में भी होगी।

नागिन 3 में हुई करिश्मा तन्ना की वापसी

टेलीविजन क्वीन एकता कपूर के पॉपुलर सीरियल नागिन 3 ने इस सीजन भी अपनी स्टोरीलाइन के दम पर

जबरदस्त टीआरपी हासिल की है. जहां शो को ऑफ-एयर की खबरें सामने आ रही थीं वहीं अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो को 3 महीने का एक्सटेंशन मिल गया है जिसकी वजह से शो के फैंस काफी खुश हैं. वहीं अब शो में जल्द ही कई इंट्रेस्टिंग ट्विस्ट आने वाले हैं. बताया जा रहा है कि जल्द ही शो में करिश्मा तन्ना की वापसी भी होने वाली है. करिश्मा शो के शुरुआत में तो नजर आई थी लेकिन जैसे शो आगे बढ़ा अनीता हसनंदानी और सुरभि ज्योति पर शो केंद्रित हो गया. लेकिन अब एक बार फिर शो में करिश्मा की वापसी हो गई है. जिसकी करिश्मा ने शूटिंग भी शुरू कर दी है. हाल ही में शो के सेट पर करिश्मा ने एक वीडियो शूट किया जोकि अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में करिश्मा नागरानी रुही के अवतार में ही नजर आ रही है. खबरें तो ये भी है कि करिश्मा को नागरानी का ताज भी शो में मिलने वाला है.